(ग) यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) 8वीं योजना के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए निधियों के सीमित आबंटन के कारण फिलहाल किसी नये राष्ट्रीय राजमार्ग की घोषणा करना कठिन है ।

सड़क क्षेत्र के विकास के लिए कम निवेश

1256. डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :
श्री वीरेन जे० शाह :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को सड़कों से 8,500 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व प्राप्त होता है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि सरकार द्वारा इस रकम का बहुत ही सीमित प्रतिशत सड़क क्षेत्र के विकास के लिए खर्च किया जा रहा है,

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं;

(घ) इस क्षेत्र के विकास के लिए देश में विभिन्न प्रकार की बचतों को प्रोत्साहित न किये जाने के क्या कारण हैं ताकि इस के लिए व्यय की जा रही धन राशि को बढ़ाकर इस क्षेत्र के विकास की गति को तेज किया जा सके ;

(ङ) क्या सरकार ने सड़कों की खराब हालत के कारण समय, ईंधन तथा जान-माल की हो रही हानि के प्रतिशत का आकलन किया है; और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में हो रही औसत हानियों का ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) वर्ष 1990-91 में सड़क परिवहन के लिए लगभग 7,631 करोड़ रुपए का राजस्व एकत्र किया गया ।

(ख) और (ग) सड़कों के विकास के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा प्रदत्त निधियों का, सड़क परिवहन से एकत्र किए गए राजस्व से कोई सीधा संबंध नहीं होता ।

(घ) सरकार का प्रस्ताव है कि देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के कुछेक खंडों के विकास हेतु अतिरिक्त निधियां जुटाने के लिए निजी क्षेत्र की सह-भागिता को प्रोत्साहित किया जाए ।

(ङ) और (च) अनुमान है कि खराब सड़कों के कारण प्रतिवर्ष लगभग 15,000 करोड़ रुपये की हानि होती है ।

Limit on people allowed to stand in local buses

1257. SHRI GOVINDRAO ADIK : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a Delhi Court had recently given a judgement that not more than 20 people should be allowed to stand in the local buses;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what action Government have so far taken or propose to take to implement the decision of the court to avoid overcrowding and suffocation to the passengers travelling in the local buses ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) and (b) On 22-9-1993 in the Court of Shri C.K. Chaturvedi, Metropolitan Magistrate, a fine of Rs. 1,200 was ordered for overcrowding of passengers beyond the specified capacity. The permit conditions of Stage Carriage buse provide that 20 standing passengers are allowed in addition to the seating capacity of the bus.